## मूंग उड़द खरीदी केंद्र बनाने में व्यापक अनियमितताएं

**गाडरवारा, देशबन्धु।** गर्मी की फसल मूंग उड़द खरीदने हेतु बनाए गए उपार्जन केंद्र बनाने में गंभीर अनियमितता सामने आई है।

उल्लेखनीय है की ग्रीष्मकालीन फसल मूंग उड़द की समर्थन मूल्य पर खरीदी हेतु उपार्जन केंद्र बनाए जाने थे। सरकार के निर्देश अनुसार 8 तारीख से खरीदी प्रारंभ होनी थी परंतु अभी तक जिला उपार्जन समिति द्वारा उपार्जन केदो का निर्धारण नहीं कर पाए। परंतु आनंन-फानन में हर बार की तरह कुछ केंद्र प्रभावशाली लोगों के वेयर हाउसों को बनाया जाना बताया जाता है। जिसमें मध्य प्रदेश शासन की उपार्जन नीति का खुला उल्लंघन होना चर्चित है। उच्च अधिकारियों को हुई शिकायत के मुताबिक एक ही व्यक्ति के तीन वेयरहाउस उनको केंद्र बनाया गया शासन की नीति के तहत केवल भांडागरण विकास एवं विनियामक प्राधिकरण रजिस्टर्ड गोदाम को ही उपार्जन केंद्र बनाया जा सकता था। उस नियम को भी ताक पर रखकर बिना रजिस्टर्ड गोदामों को केंद्र बना दिए गए। सरकारी निर्देश है जो वेयरहाउस भांडागरण विकास एवं विनियामक प्राधिकरण में रजिस्टर्ड नहीं है वह यदि केंद्र बनते हैं तो ऑटोमेटिक कैंसिल हो जाएंगे।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी में बताया जाता है कि अब आनंन-फानन में उन्हें बचाने के लिए बार केवल एक पार्टी विशेष के समर्थक वेयरहाउसों को खरीदी केंद्र बनाए गए और मध्य प्रदेश शासन की उपार्जन नीति का खुला उलझन उल्लंघन किया गया इसमें गंभीर भ्रष्टाचार के आरोप है कुछ चिन्हित लोगों को फायदा पहुंचाने

### बेयर हाउस संचालक ने की जांच की मांग

उनसे कहा जा रहा है कि आप ऑनलाइन भांडागरण विकास एवं विनियामक प्राधिकरण रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन करके खाली आवेदन रिसीव पत्र दे दें जबकि अच्छे-अच्छे वेयरहाउस जिनके पास डब्ल्यूडीआरए लाइसेंस है उनको केंद्र नहीं बनाया गया। इस बात की शिकायत जिला कलेक्टर को ओम श्रीमां गुर्जर वेयरहाउस जमाडा के संचालक देवेंद्र सिंह पटेल द्वारा की गई है। उन्होंने अपने पत्र में कलेक्टर को शिकायत की है की लगातार पिछले पांच सीजन से धान, गेहूं,चना, मसूर, मूंग, उड़द आदि फसलों की जो समर्थन मूल्य पर खरीदी हुई है उसमें हर के लिए बहुतायत गोदाम संचालकों को सीधा नुकसान पहुंचाया गया जिन्होंने बैंक से लोन लेकर वेयर हाउस बनाए थे, आज वह किस्त ना देने के कारण डिफाल्टर की स्थिति में आ गए। बैंकों द्वारा उनके गोदाम को कुर्की के आदेश दिए जा रहे हैं।

देवेंद्र पटेल ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है की जिला उपार्जन समिति एवं मध्य प्रदेश वेयरहाउस कॉरपोरेशन के स्थानीय प्रबंधक द्वारा लगातार मध्य प्रदेश शासन की उपार्जन नीति का खुला उल्लंघन करने का आरोप है। एक सप्ताह से लगातार बारिश हो रही है, जिन वेयरहाउस को खरीदी केंद्र बनाया गया है उनमें किसानों को बारिश से बचने के लिए धूप से बचने के लिए स्थान, पार्किंग की सुविधा नहीं है। रोड कच्चे होने के कारण कीचड़ मची हुई है। किसानों को शौचालय एवं स्वच्छ पानी की व्यवस्था भी नहीं है, रोड पर ट्रैक्टर एवं ट्रालियां खड़े होने से ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह से खत्म होती है। ऐसी स्थिति में खरीदी अभी तक शुरू नहीं हो पाई है। इसकी जांच कर दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई हो तथा शासन की उपार्जन नीति के तहत जो गोदाम डब्लूडीआरए रजिस्टर्ड हैं उनको शीघ्र खरीदी केंद्र बनाकर किसानों की मूंग और उड़द शीघ्र खरीदने का कार्य शुरू किया जाए।

देवेंद्र पटेल से हुई चर्चा में उन्होंने बताया कि यदि जिलाधीश द्वारा समय पर कार्रवाई नहीं हुई तो वह हाई कोर्ट जाएंगे एवं आने वाली विधानसभा में विपक्ष के नेता सहित दर्जनों विधायक द्वारा इस मुद्दे को गंभीरता से उठाया जाएगा।

## विद्युत करंट से हुई चार मजदूरों की मौत पर श्री पैलेस भवन मालिक के विरुद्ध मामला दर्ज

**गाडरवारा, देशबन्धु।** पिछले दिनों विद्युत करंट से हुई चार मजदूरों की मौत पर अंततः पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 106 एक तथा 125 ए तहत मामला का यह कर लिया है।

उल्लेखनीय है कि स्थानीय श्री पैलेस शादी भवन में दिनांक 13 जून को स्वागत गेट लगाते वक्त विद्युत करंट से 3 मजदूरों की घटना स्थल पर तथा एक मजदूर की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। इस दर्दनाक हादसे में राजू उर्फ राजकुमार साहू पिता सुदामा साहू उम्र 45 वर्ष निवासी गाडरवारा, पूरनलाल जाटव पिता डालचंद जाटव उम्र 30 साल निवासी गाडरवारा, पीयूष पिता गोलू मेघवाल उम्र 21 वर्ष निवासी इंदौर हाल निवास श्री पैलेस गाडरवारा की करंट से मौके पर ही मृत्यु हो गई थी।

संतोष पाल पिता नारायण पाल उम्र 28 साल निवासी पिपरिया गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें जिला चिकित्सालय ले जाया गया जहां से उन्हें भोपाल एम्स ले जाया गया जहां उपचार के दौरान दिनांक 20 जून को मृत्यु हो गई थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया था। जांच उपरांत चार मजदूरों की मौत पर अंततः पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 106 एक तथा 125 ए तहत मामला का यह कर लिया है।

### सार-समाचार

#### पेंशनरों द्वारा सुंदरकांड पाठ आज

**गाडरवारा, देशबन्धु।** राजीव वार्ड स्थित एम पी ई बी कॉलोनी हनुमान मंदिर में पेंशनर समाज द्वारा आज शनिवार को सुंदरकांड पाठ का आयोजन शाम 4 से आशा शर्मा के सहयोग से किया गया हैद्य समस्त पेंशनर भाई बहनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर सुंदर कांड पाठ के आयोजन में सहभागी बनने की अपील की गई है।

#### विद्यालयों में गुरू पूर्णिमा पर हुए विविध आयोजन

**गाडरवारा, देशबन्धु।** गत दिवस क्षेत्र के सभी विद्यालयों में गुरू पूर्णिमा के मौके पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गए। शिक्षण संस्थाओं में वीणा वादिनी माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और माल्यार्पण कर गुरू वंदना की गई। विद्यालयों में पदस्थ शिक्षकों और विद्यार्थियों द्वारा गुरू की महिमा पर केन्द्रित व्याख्यान हुए। इसी के साथ इस दिन गुरूजनों एवं शिक्षकों का सम्मान भी किया गया। इन आयोजनो में शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं की अहम भूमिका रही।

#### विज्ञान विषय के माध्यमिक शिक्षकों का प्रशिक्षण आयोजित

**गाडरवारा, देशबन्धु।** गत दिवस राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार शासकीय शालाओं की कक्षा 6 से 8 मे विज्ञान विषय पढ़ाने वाले शिक्षकों का 2 दिवसीय प्रशिक्षण साईंखेड़ा के सरस्वती उ मा विद्यालय मे आयोजित गया। प्रशिक्षण का विधिवत शुभारंभ सरस्वती वंदना से किया गया। प्रशिक्षण के प्रथम सत्र मे पंजीयन एवं सामग्री वितरण के साथ शिक्षकों ने सार्थक एप्प से ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज की एवं प्री टेस्ट किया। प्रशिक्षण मे बीआरसी संदीप स्थापक ने कहा कि विज्ञान विषय प्रयोगो एवं कौशलों से परिपूर्ण है। इसकी शिक्षा सरल तरीके से एवं खेल खेल मे बच्चों को मिले यही प्रशिक्षण का उद्देश्य है। बीएसी मनीराम मेहरा ने कहा कि प्रशिक्षण से हमेशा सीखने को मिलता है। प्रशिक्षण के अंतिम दिन बीएसी पवन राजौरिया ने कहा कि सभी शिक्षको ने सक्रिय रहकर प्रशिक्षण में बेहतर सहभागिता दी। प्रशिक्षण मे मास्टर ट्रेनर संजय गुप्ता एवं मदन सिंह नरवरिया ने प्रशिक्षण के उद्देश्य,एक रोचक शुरुआत के विषय मे बताया। उन्होंने विज्ञान शिक्षण के उद्देश्य, पेडागाजी, सीखने के प्रतिफल एवं स्तिथि, समेकन एवं शिक्षकों से संवाद कर उनके विचार जाने। प्रशिक्षण के आयोजन में एमआईएस वेदप्रकाश राजपूत,सीएसी अपसार खान, आजाद कौरव, दीपक स्थापक, अवधेश पटैल, प्रदीप मालवीय, राजा कहार आदि का सहयोग सराहनीय रहा। प्रशिक्षण मे अनेक शिक्षक उपस्थित रहे ।

#### प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को मिले स्वीकृति पत्र

**बिजुरी, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत स्वीकृत आवासों के पात्र हितग्राहियों को शुक्रवार, 11 जुलाई को नगरपालिका परिषद बिजुरी द्वारा स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। यह कार्यक्रम नगर परिषद सभागार में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में नगर के विभिन्न वार्डों से आए हितग्राहियों को आवास योजना की स्वीकृति संबंधी दस्तावेज वितरित किए गए। पात्र नागरिकों को यह आश्वासन मिला कि शीघ्र ही उन्हें आवास निर्माण के लिए आर्थिक सहायता भी प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष सहबिन पनिका, उपाध्यक्ष प्रीति सतीश शर्मा, मुख्य नगरपालिका अधिकारी पवन कुमार साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष रविंद्र रिंकू शर्मा, महामंत्री कैलाश कोल सहित अन्य जनप्रतिनिधि, नपाकर्मी, भाजपा कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

#### स्कूली वाहनों का सघन चेकिंग अभियान, 26 वाहनों की जांच, नौ पर 14 हजार का जुर्माना

**अनूपपुर, देशबन्धु।** शहर में स्कूली बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने एवं परिवहन नियमों के पालन की समीक्षा हेतु यातायात विभाग अनूपपुर द्वारा शुक्रवार को विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान कुल 26 स्कूली वाहनों की गहन जांच की गई। चेकिंग के दौरान वाहनों के बीमा, परमिट, फिटनेस, प्रदूषण सर्टिफिकेट, ड्राइवर का वैध लाइसेंस और अग्निशमन यंत्र, फर्स्ट एड बॉक्स, सीसीटीवी कैमरा, दरवाजों का लॉकिंग सिस्टम जैसी अनिवार्य सुरक्षा सुविधाओं की भी पड़ताल की गई। जांच के दौरान 9 वाहनों में विभिन्न प्रकार की अनियमितताएं पाई गईं, जिन पर 14 हजार का चालानी जुर्माना लगाया गया। सबसे बड़ी कार्यवाही महर्षि एंग्लो स्कूल की बस पर की गई, जो बिना वैध परमिट के संचालित हो रही थी। विभाग ने तत्काल प्रभाव से 10 हजार का जुर्माना लगाते हुए चेतावनी दी कि भविष्य में ऐसी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यातायात विभाग ने स्कूल प्रबंधन को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वे वाहनों की समय-समय पर जांच कराएं और सभी दस्तावेज व सुरक्षा उपकरण अनिवार्य रूप से दुरुस्त रखें।अन्यथा

## गुरू पूर्णिमा पर गुरुजनों, वरिष्ठ जन परिषद एवं पेंशनर समाज का किया सम्मान




### ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय में हुआ आयोजन

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** गुरु पूर्णिमा पर्व प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय नरसिंहपुर के द्वारा दिव्य संस्कार भवन में गुरुवार को संध्या 6 बजे से मनाया गया। कार्यक्रम के आरंभ में कु सृष्टि ने परम सद्गुरु शिव बाबा के लिए समर्पित मेरे गुरु बराबर कोई नहीं गीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया । इसके बाद अतिथि गणेश कुमार चतुर्वेदी , एस के चतुर्वेदी ,अनिल राय , ओज कवि अशोक त्रिपाठी, श्रीमती चित्रा द्विवेदी,प्रो.वर्मा , ब्र कु कुसुम दीदी जिला संचालिका , वरिष्ठ जन परिषद एवं पेंशनर समाज के अन्य सदस्यों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कुसुम दीदी ने गुरु महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि एक गुरु ही है जो समाज की दिशा और दशा बदलने में सक्षम है। भारत ही एक ऐसा देश है जिसकी संस्कृति सर्वोच्च और महान है। भारत की संस्कृति ने ही इसे विश्व गुरु का दर्जा दिया है। जहां हमारी देव और वैदिक संस्कृति है, तप,साधना,त्याग, तपस्या,और अतिथि देवो भव की संस्कृति है। यहां गुरु को भगवान से भी बढ़कर दर्जा दिया जाता है । भारतीय संस्कृति को बनाए रखने में गुरु व वरिष्ठ जनों का ही हाथ है जो अपने चरित्र से इस संस्कृति का आदर्श प्रस्तुत करते हैं। जिस घर में गुरु और वरिष्ठ जनों का सम्मान और आशीर्वाद बना होता है वह घर मंदिर बन जाता है।

मुक्ति व सद्गति को पाना है तो गुरु की आवश्यकता होती है। गुरु बिना ज्ञान नहीं । गुरु के बिना ईश्वर से मिलन नहीं हो सकता। देखा जाए तो कला सिखाने वाले , मात पिता व शिक्षा देने वाले भी गुरु होते है। इसी तरह समाज सुधारक, धर्म स्थापक भी गुरु होते हैं जो गुरु बनकर हमें मार्गदर्शन देते हैं। किंतु परम पिता परमात्मा शिव गुरुओं को भी सत्य मार्ग दिखाने वाले परम सद्गुरु हैं जो वर्तमान में इस धरा पर अवतरित होकर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के माध्यम से सत्य ज्ञान और राजयोग की शिक्षा देकर समग्र विश्व की सद्गति कर रहे हैं। यहां हर धर्म जाति उम्र वर्ग की मनुष्य आत्माएं निशुल्क ईश्वरीय शिक्षा प्राप्त कर अपना जीवन दिव्य गुणों से संपन्न बना सकते हैं। संस्थान के वरिष्ठ सदस्य मुकेश नेमा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## गीली मिट्टी को चाक पर रखने से अपने आप मंगल कलश नहीं बनता





### निर्दोष सागर महाराज ने जैन मंदिर में बताया गुरु का महत्व

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** गुरू पूर्णिमा के अवसर पर कंदेली स्थित जैन मंदिर में अपनी दिव्य देशना में मुनि निर्दोष सागर महाराज ने गुरू पूर्णिमा के महत्व को बताते हुए कहा कि गुरू पांच प्रकार के होते हैं। जन्मदाता, शिक्षादाता, अन्नदाता, दीक्षादाता, जन्मदाता गुरु माता-पिता होते हैं बाल्य अवस्था का ज्ञान दिलाते हैं माता-पिता ने संसार के विषयों में फंसाने की शिक्षा देते रहे, परंतु मोक्षमार्ग नहीं बतलाया। गीली मिटटी को कुम्हार के चके पर रखने से कभी अपने आप मंगल कलश नहीं बनता है।

कुम्भकार के हाथ ही गिली मिटटी को मंगल कलश बनाता है। बच्चों को मंगल कलश बनाने के लिए गुरु की शरण आवश्यक है, संसार में चार शरण अरिहंत, सिध्द, साधु, केवली शरण है। गुरू ने पहले स्वयं दीक्षा ली, पिर जगत का कल्याण करने निकल पड़े। आज उन गुरुओं का दिन आषाढ पूर्णिमा को ही गुरू पूर्णिमा के रूप में मनायी जाती है। जन्म देने वाली मां आधी गुरु है, दीक्षा देने वाले गुरु ही पुर्ण गुरू होते हैं। हमे गुरुओं की उपासना करनी चाहिए ये दिगम्बर मुनियों को मुद्रा देख कर सीखा जा सकता है। जो मोक्ष मार्ग का स्वरूप है पहले के गुरू एक पाठी थे, जो एक बार में सब कुछ याद कर लेते थे।

पंचम काल की बलिहारी है, कि अच्छी बातें दिन में ना हीं रख पाते है। गन्ने का रस निकालकर गन्ने छिलके फैंक देते हैं। ऐसे ही बुराईयों को निकाल कर दिल से फैंक देना चाहिए। गुरु की शरण में सदैव समय का सदुपयोग होता है। जीवन जीने के लिए है- रक्षा कवच है. मिथ्थावादी युग से कैसे छुटकारा पाये अंतरंग की ज्योति कैसे प्रज्जवलित करें, जीवन की वैतरणों कैसे पार करें इन विषयों के बावत गुरुओं से जान प्राप्त कर सकते हैं। प्रवचन श्रृंखला में मूनि निरूपम सागर महाराज जी ने कहा कि जिसके जीवन में गुरू नहीं, उसका जीवन शुरू नहीं, आखिर गुरु किसे कहते हैं, जो हमें उन्नति की ओर ले जाते है उन्हें गुरु कहते हैं। आचार्य विद्यासागर महाराज जी ने अहिंसा, जीव दया और करूणा के लिए हमेशा प्रेरित किया था।

## जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने को प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** जिले में भी राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट के द्वारा जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने हेतु प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सोपा गया। उक्त ज्ञापन में यह मांग की गई कि देश की जनसंख्या तेजी से बढ़ रही है और उसके कारण देशके विकास में अनेक प्रावधान उत्पन्न हो रहे हैं इसलिए देश के सभी नागरिकों के लिए जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाया जाए और यह सुनिश्चित कियाजाए की कानून बनने के बाद 1 वर्ष के भीतर यह स्थिति हो जाए की कोई भी इस कानून का उल्लंघन न कर पाए यदि कोई इसका उल्लंघन करेगा तो उसको सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित किया जाए सरकारी नौकरी से वंचित किया जाए चुनाव आदि लड़ने से भी वंचित किया जाए ।



इस तरह यह कानून प्रभावी ढंग से देश में लागू होना चाहिए क्योंकि यदि हमारी जनसंख्या नियंत्रण में रहेगी तो देश का विकास तेजी से होगा और हम विश्व पटेल पर एक विकसित देश की तरह चमकेंगे अभी आप देखेंगे नरसिंहपुर जिले में ही सड़कों में इतनी अधिकभीड़ हो रही है चलना मुश्किल हो रहा है । सरकारी अस्पतालों में बस स्टैंड में रेलवे स्टेशन पर कभी-कभी भीड़ इतनी अधिक हो जाती है कि उसका मैनेजमेंट करना कठिन हो जाता है यदि हम जनसंख्या नियंत्रण कानून प्रभावी ढंग से देश में लागू करेंगे तो निश्चित रूप से हम अपने संसाधनों का उपयोग कर देश को एक विकसित राष्ट्र की श्रेणी में लाकर खड़ा कर सकेंगे ।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट की सचिव शकुन नामदेव संरक्षक श्रीमती संध्या कोठारी भारती दीक्षित प्रवीण गोस्वामी सुमन शर्मा मिथिलेश भार्गव मानव अधिकार संघ की जिला अध्यक्ष श्रीमती सरिता अग्रवाल भारती कौरव शुभा पाठक तथा सरवरी सिद्दीकी एडवोकेट अखिलेश ओसवाल जितेंद्र सिंह स्वदेश कोठारी, अनिरूद्ध पटेल सहित अनेक राष्ट्रवादी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पीजी कॉलेज में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के युवा कैलण्डर अनुसार विश्व युवा कौशल सप्ताह अंतर्गत स्टेट बैंक आफ इण्डिया द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन संस्था प्राचार्य डॉ. आर.बी. सिंह तथा आई.क्यू.ए.सी. के निर्देशन में किया गया।



बैंकिंग क्षेत्र विशेषकर एस.बी.आई. में रोजगार की संभावनाओं तथा रिक्तियों की जानकारी देने हेतु भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक अमित भगत, मुख्य प्रबंधक शुभम श्रीवास्तव तथा अन्य उपस्थित प्रतिनिधियों द्वारा बैंक के विभिन्न पदों पर होने वाली नियुक्तियों, उनकी पात्रता, प्रक्रिया, वेतनमान इत्यादि से अवगत कराया। साथ ही उन्होंने यह जानकारी भी दी कि भारतीय स्टेट बैंक पी.ओ. के लिए वर्तमान में आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं। जिसमें 21 से 30 वर्ष के पात्र उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं। कार्यक्रम में स्नातक व स्नातकोत्तर कक्षाओं के विद्यार्थी लाभांवित हुए। आयोजन में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापकों श्रीमती शोभा मिश्रा, डॉ. गनेश कुमार सोनी, डॉ. नमिता साहू, केशव पाण्डे, भरत सिंह ठाकुर, डॉ. चेतना उपाध्याय तथा सभी शिक्षकगणों की सहभागिता रही। प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. प्रभृति सेन, प्रकोष्ठ सदस्यों श्रीमती शिल्पी तिवारी, श्रीमती दीप्ती नेमा, पूर्णिमा पटैल का सहयोग रहा।

## सहायक संचालक ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत किया पौधरोपण

**गाडरवारा, देशबन्धु।** गत दिवस स्थानीय पीएमश्री शासकीय कन्या नवीन विद्यालय परिसर में शासन के निर्देशानुसार एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत सहायक संचालक ब्लॉक साईंखेड़ा सीमा डोंगरे के द्वारा अपनी मां के नाम पौधा लगाया।

इस अवसर पर उन्होंने ब्लॉक के समस्त शिक्षकों के लिए संदेश देते हुए कहा कि एक पेड़ माँ के नाम अभियान में सभी स्कूल भागीदारी करें एवं पौधा रोपण करें।

इस अवसर पर प्राचार्य प्रतुल इन्दुरख्या, प्राचार्य सुनीता पटेल, लेखा कौरव,अलका कोरी, अर्चना दूबे, शिक्षक उत्तम वर्मा, सिराज अहमद सिद्धिकी अमित पटेल,किरण अग्रवाल, नवीन गुप्ता एवं कंछेदी धानक उपस्थित रहे।


मार्केट वॉच गाडरवारा

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

सोसायटी फॉर अवेयरनेस एण्ड रूरल एडवांसमेंट, संबद्ध अध्ययन केन्द्र

अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल

Sara Group of Institutions

पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- प्राथमिक चिकित्सा उपचार
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
- फैशन डिजायनिंग
- संगणक अनुप्रयोग डीसीए

प्रवेश प्रारंभ

एसआर एन्क्लेव, जमाड़ा रोड, महाराणा प्रताप वार्ड, गाडरवारा जिला-नरसिंहपुर, फोन-8989167883

स्नातकोत्तर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- आहार एवं जनस्वास्थ्य पोषण
- सायबर कानून
- जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन
- संगणक अनुप्रयोग पीजीडीसीए